Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 17 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 228

## महत्वपूर्ण एवं खास

### न्यूजीलैंड में बड़ा हादसा : चार मंजिला हॉस्टल में लगी आग से 10 लोगों की दर्दनाक मौत, 30 से अधिक लापता

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में एक चार मंजिला छात्रावास की इमारत में रात में लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोगों के लापता होने की आशंका है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि सेंट्रल वेलिंगटन में एडिलेड रोड पर लोफर्स लॉज हॉस्टल में सोमवार -मंगलवार की आधी रात बाद 12.30 बजे आग लग गयी। आग सबसे ऊपरी मंजिल से शुरू हुई। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार फिलहाल मृतकों की सटीक संख्या के बारे में नहीं बताया जा सकता लेकिन अनुमान है कि मौतों की संख्या 10 है। पुलिस के अनुसार कुल 52 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया और कम से कम पांच को छत से बचाया गया, लेकिन अन्य का पता नहीं चल पाया। पांच लोगों को अस्पताल भेजा गया, जिनमें दो की हालत गंभीर है। दमकल और आपात विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि इमारत में करीब 90 लोग रह रहे थे और लोगों को निकालने के बाद भी करीब 30 लोगों का पता नहीं चल पाया है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने कहा कि और मौतें हो सकती हैं।

### ट्रेक्टर ने दो युवकों को टक्कर मारी, एक की मौत

**भीलवाड़ा(आरएनएस)।** मांडल थाना पुलिस क्षेत्र के भदालीखेड़ा गांव चैराहे पर साथी मजदूरों का इंतजार कर रहे भडाणी खेड़ा निवासी रमेश पुत्र माना भील व राजू पुत्र बद्री कीर को कोटा बाईपास पर गलत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर ने रमेश व राजू को टक्कर मार दी। रमेश की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर किया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### यूपी कोर्ट में फायरिंग, विचाराधीन दो कैदी जख्मी

**जौनपुर (आरएनएस)।** पहलवान बादल यादव की हत्या के आरोपी दो विचाराधीन कैदियों पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के जौनपुर कोर्ट में दिनदहाड़े हमला किया गया। हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं। इस घटना में विचाराधीन कैदी सूर्य प्रकाश और मिथिलेश गिरी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और अब बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। हमले के तुरंत बाद, अदालत परिसर में मौजूद वकीलों ने हमलावरों को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। फिर पुलिस के हवाले कर दिया। हमलावरों में मृतक पहलवान बादल यादव का भाई श्रवण बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में कांग्रेस के पूर्व विधायक किकी ढिल्लों गिरफ्तार

**फरीदकोट (आरएनएस)।** पंजाब के फरीदकोट में आय से अधिक संपत्ति मामले में पंजाब विजिलेंस ने कांग्रेस के पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह उर्फ किकी ढिल्लों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार ढिल्लों को बठिंडा रेंज विजिलेंस की तरफ से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि ढिल्लों पर आय से अधिक संपत्ति बनाने का आरोप है। पहली बार विजिलेंस ब्यूरो ने 31 जनवरी 2023 को किकी ढिल्लो को अपने फरीदकोट दफ्तर तलब किया था, जहां ढिल्लो अपने वकील के साथ पहुंचे थे।

# पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि पिछले 9 वर्षों के दौरान रोजगार की संभावनाओं को केंद्र में रखकर ही भारत सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 45 केंद्रों पर सरकारी विभागों में नव-नियुक्त 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के बाद इन युवाओं को संबोधित करते कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का हमारा प्रयास है। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकता को स्पष्ट करते हुए बताया कि पिछले 9 वर्षों के उनकी सरकार के कार्यकाल में भारत सरकार की हर योजना, हर नीति युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले इन युवाओं को बधाई देते हुए कहा, आज 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आप सभी ने कड़ी मेहनत से ये सफलता हासिल की है। मैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने आज ही के दिन, 16 मई 2014 को आए लोक सभा चुनाव के परिणामों को याद करते हुए कहा कि, 9 साल पहले आज के ही दिन 16 मई को लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे। तब पूरा देश उत्साह, उमंग और विश्वास से झूम उठा था। सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ कदम बढ़ाने वाला भारत, आज विकसित भारत बनने के लिए प्रयास कर रहा है। जिस स्पीड और स्केल पर आज भारत काम कर रहा है यह भी आजादी के 75 साल के इतिहास में अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री ने पिछले 9 सालों के दौरान नियुक्ति प्रक्रिया में भ्रष्टाचार खत्म करने और पारदर्शिता लाने का दावा करते हुए कहा, बीते 9 वर्षों में भारत सरकार ने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा तेज करने, ज्यादा पारदर्शी और निपष्क्ष बनाने को भी प्राथमिकता दी है। आज आवेदन करने से लेकर नतीजे आने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। आज डाक्यूमेंट्स को सेल्फ अटेस्ट करना भी पर्याप्त होता है। ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों पर भर्ती के लिए इंडरव्यू भी खत्म हो गए हैं। इन सारे प्रयासों से भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है।



उन्होंने आगे कहा कि बीते 9 वर्षों में नेचर ऑफ जॉब भी बहुत तेजी से बदला है। बदलती हुई इन परिस्थितियों में युवाओं के लिए नए सेक्टर्स उभर कर सामने आए हैं। केंद्र सरकार इन नए सेक्टर्स को भी निरंतर सपोर्ट कर रही है। इन 9 वर्षों में देश ने स्टार्ट अप कल्चर की नई क्रांति देखी है। उन्होंने दुनिया के कई अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ के साथ हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि ये कंपनियां बड़े पैमाने पर भारत में निवेश करने वाली हैं जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। नए-नए सेक्टर्स में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढऩे और ईपीएफओ के आंकड़ों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएलआई स्कीम के तहत केंद्र सरकार मैन्युफैक्च रिंग के लिए करीब 2 लाख करोड़ रुपये की मदद दे रही है। ये राशि भारत को दुनिया का मैन्युफैक्च रिंग हब बनाने के साथ ही लाखों युवाओं को रोजगार में भी सहायता करेगी।

आपको बता दें कि केंद्र सरकार के विजन के तहत रोजगार मुहैया कराने की प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों एवं संघ शासित प्रदेशों में भी भर्तियां की जा रही हैं।

### रायपुर में आयोजित रोजगार मेले में 214 नवनियुक्त कर्मियों को सौंपा गया नियुक्ति-पत्र

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय डाक विभाग, रायपुर द्वारा केन्द्रीय विद्यानय क्रमांक-1 के पास स्थित कम्युनिटी हाल, डब्ल्यू.आर.एस. कालोनी, रायपुर में 16 मई, 2023 (मंगलवार) को रोजगार मेला-5 का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सरूता उपस्थिति थीं । इसके अलावा रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री सुनील सोनी, विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल और छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल की मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, श्रीमती वीना आर. श्रीनिवास भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 214 अभ्यर्थियों को संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए । इनमें से 25 अभ्यर्थियों को मंच से अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे गए। रोजगार मेला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नवाचार ने सरकारी नौकरी में नियुक्तियों को भी उत्सव में बदल दिया है । पहले सरकारी नौकरियों में नियुक्तियां विभिन्न कारणों से लटकती रहती थीं, लेकिन अब, प्रधानमंत्री के सौजन्य से सरकारी नियुक्तियों में तेजी आई है और आज, हम रोजगार मेले-5 के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने जा रहे हैं और यह सिलसिला 10 लाख नियुक्तियों तक जारी रहेगा। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री सुनील सोनी ने कहा कि हम पहले गांवों-कस्बों में मेले के आयोजन के बारे में सुनते थे लेकिन रोजगार मेला एक अभिनव आयोजन है, जहां चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे जाते हैं । उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## बंगाल, असम में आयकर छापे, 100 करोड़ रुपए की बेहिसाब नगदी का पता चला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आयकर विभाग ने कहा कि उसने हाल ही में उत्तर बंगाल से संचालित एक कारोबारी समूह की तलाशी ली और जब्ती की कार्रवाई की, जिसमें लगभग 100 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी प्राप्तियों का पता चला। इस ऑपरेशन में 1.73 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी और एक करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण भी जब्त किए गए।

सूत्रों के मुताबिक, कारोबारी समूह को सक्रिय राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

एक आयकर अधिकारी ने कहा, उनके करीबी व्यापारिक सहयोगी के परिसरों पर भी तलाशी ली गई। यह समूह विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में लगा हुआ है, जिसमें धान की भूसी का तेल, सरसों का तेल, डी-ऑयल्ड राइस ब्रान (डीओआरबी), विभिन्न प्रकार के उत्पादन और बिक्री शामिल है।

आयकर विभाग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, कोलकाता, सिलीगुड़ी और असम में गुवाहाटी व इसके आसपास के क्षेत्रों में फैले कुल 23 परिसरों को कवर किया गया।

तलाशी कार्रवाई से पता चला कि समूह अपनी उपज को दबा रहा था और खाद्य तेल और डीओआरबी की बेहिसाब नकदी बिक्री कर रहा था। तलाशी अभियान के दौरान नगद लेन-देन के कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जो खाते की नियमित किताबों में दर्ज नहीं हैं।

हस्तलिखित नोट, दस्तावेज और नगद लेनदेन के अर्क वाले डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। समानांतर कैश बुक और खर्चो के फर्जी दावों का भी पता चला है। शुरुआती जांच में 40 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब आय का खुलासा हुआ है।

अधिकारी ने कहा, उत्तर बंगाल के मालदा जिले में कृषि उत्पादों के एक प्रमुख निर्यातक मुख्य व्यवसाय समूह के करीबी व्यापारिक सहयोगी के ठिकानों पर चलाए गए तलाशी अभियान में भूमि अधिग्रहण में 17 करोड़ रुपये के नगद भुगतान के खिलाफ आपत्तिजनक दस्तावेज पाए गए।

अधिकारी ने कहा, करीब 100 करोड़ रुपये की बेहिसाब नगदी प्राप्तियों का विवरण भी मिला है।

## दिल्ली-एनसीआर से लेकर पटना तक 9 जगहों पर सीबीआई का छापा, लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में लालू के करीबियों पर कार्यवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को नौकरी के लिए जमीन घोटाले की जांच के सिलसिले में देश भर में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी प्रेम चंद गुप्ता, पार्टी विधायक किरण देवी और उनके पति अरुण यादव के आवासों पर छापेमारी की। इस घोटाले में कथित तौर पर पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं।



दिल्ली-एनसीआर, नोएडा, गुरुग्राम, पटना, भोजपुर और आरा सहित विभिन्न 9 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।सीबीआई ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। सीबीआई ने तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लालू यादव (2004-2009), उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों और 15 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, इसमें अज्ञात लोक सेवक और निजी व्यक्ति शामिल थे।

अधिकारी ने कहा, 'उस अवधि के दौरान यादव ने रेलवे के विभिन्न जोन में समूह 'डी' पदों पर स्थानापन्न की नियुक्ति के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन-जायदाद के हस्तांतरण के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त किया था।' पटना के कई निवासियों ने खुद या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से यादव और उनके परिवार द्वारा नियंत्रित एक निजी कंपनी के पक्ष में अपनी जमीन बेच दी और उपहार में दे दी।

जोनल रेलवे में स्थानापन्न की ऐसी नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या कोई सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था, फिर भी पटना के निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित क्षेत्रीय रेलवे में स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया।

सीबीआई ने कहा, पटना में स्थित लगभग 1,05,292 वर्ग फुट भूमि, अचल संपत्तियों को यादव और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा पांच बिक्री विलेखों और दो उपहार विलेखों के माध्यम से अधिग्रहित किया गया था, इसमें अधिकांश में भूमि हस्तांतरण पर विक्रेता को किए गए भुगतान को दर्शाया गया था।

## देश के सबसे बड़े कोर्ट भवन का 24 मई को होगा लोकार्पण

**❑ तीन दिन के दौरे पर रांची जाएंगी राष्ट्रपति मुर्मू**

**रांची (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 24 से 26 मई तक झारखंड के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह रांची में झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन परिसर का उद्घाटन करने के अलावा ट्रिपल आईटी, रांची के कन्वोकेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। खूंटी में महिला स्वयं सहायता समूहों के सम्मेलन को संबोधित करने, देवघर के बाबा धाम मंदिर में पूजा-अर्चना करने और रांची स्थित राजभवन में विशिष्ट जनों से मुलाकात का भी उनका कार्यक्रम है।

24 मई को रांची के धुर्वा में हाईकोर्ट के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के कई जस्टिस मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड का नया हाईकोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट कैंपस है। इसका क्षेत्रफल सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी साढ़े तीन गुणा ज्यादा है। इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से 165 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 72 एकड़ जमीन पर हाईकोर्ट बिल्डिंग सहित वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। शेष जमीन पर न्यायाधीशों और रजिस्ट्री के कर्मियों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाना है।



राष्ट्रपति के कार्यक्रम की सूचना मिलने के बाद सरकार और प्रशासन की ओर से तमाम आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रपति सबसे पहले 24 मई को दिल्ली से देवघर पहुंचेंगी। यहां पूजा अर्चना करने के बाद इसी दिन रांची आएंगी। इसी रोज शाम पांच बजे झारखंड उच्च न्यायालय के भवन उद्घाटन का कार्यक्रम हैं। अगले दिन 25 मई को राष्ट्रपति खूंटी में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसी दिन वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी(ट्रिपल आईटी) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के साथ राष्ट्रपति के झारखंड आगमन के क्रम में खूंटी में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन के संदर्भ में चर्चा की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति झारखंड लाइवलीहुड मिशन की महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद करेंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू दूसरी बार खूंटी जाएंगी। इससे पहले वे पिछले वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर खूंटी के उलिहातू गई थीं।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढक़र 18 हो गई है। विल्लुपुरम जिले के मरक्कनम में 12 लोगों की मौत हुई, जबकि चेंगलपट्टू जिले में 6 लोगों ने दम तोड़ा। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की सीबी-सीआईडी जांच कराने की घोषणा की। विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में स्थानीय पुलिस के कई अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की, जबकि नकली शराब पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए लोगों के लिए 50,000 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। शुरूआती जांच के अनुसार, यह पाया गया कि विल्लुपुरम जिले के मरक्कनम में घटना तब हुई जब कुछ लोगों ने स्थानीय शराब का सेवन किया। हालांकि, चेंगलपट्टू जिले में मौत का कारण बनने वाली शराब में मेथनॉल मिला कर इसे पतला किया गया था।

अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) मंगलवार को क्षेत्र का दौरा करेंगे। ईपीएस ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि शराब कांड राज्य में कानून व्यवस्था की विफलता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के 10 साल के कार्यकाल में जहरीली शराब के सेवन से किसी की मौत नहीं हुई।

## दिल्ली आबकारी घोटाला : सीबीआई का जीओएम बैठकों में अनियमितता का आरोप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में दायर अपने दूसरे पूरक आरोप पत्र में मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठकों में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा है कि कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया और आबकारी आयुक्त को कभी आमंत्रित नहीं किया गया। सीबीआई के एक सूत्र के अनुसार, मार्च 2021 में अरवा गोपी कृष्ण के आबकारी आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, पिछले महीने आठ से 10 जीओएम बैठकें हुई थीं। लेकिन सीबीआई ने आरोप लगाया है कि उन मुलाकातों का कोई रिकॉर्ड या मिनट्स नहीं है।

सूत्रों ने बताया, फरवरी में, उन्होंने बैठकें कीं, लेकिन कोई रिकॉर्ड या मिनट तैयार नहीं किया, इससे पता चलता है कि कुछ गलत था। बाद में जब अरावा गोपी कृष्ण 5 मार्च, 2021 को आबकारी आयुक्त बने, तो उन्हें कभी भी जीओएम की बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। इन दोनों तथ्यों से संकेत मिलता है कि कुछ गलत था।

सूत्र ने कहा कि सीबीआई ने आबकारी विभाग से यह जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें नहीं दी गई और बाद में केंद्रीय जांच एजेंसी को इस तथ्य के बारे में पता चला कि उन्होंने कोई रिकॉर्ड तैयार नहीं किया। सीबीआई जांच ने स्थापित किया कि उन बैठकों में जीओएम रिपोर्ट में किसी भी प्रावधान को शामिल करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

इसके अलावा, उल्लिखित बैठकों में थोक मॉडल के संबंध में कोई चर्चा शामिल नहीं थी। इसके अतिरिक्त, थोक विक्रेताओं (एल-1 लाइसेंसधारियों) के लिए 12 प्रतिशत लाभ मार्जिन या संबंधित संस्थाओं की परिभाषा के संबंध में कोई परीक्षा या विश्लेषण नहीं किया गया था। सीबीआई के एक सूत्र ने चार्जशीट का हवाला देते हुए कहा कि आबकारी विभाग से न तो सलाह ली गई और न ही जीओएम रिपोर्ट का मसौदा उपलब्ध कराया गया।

## जारी हुआ शाइस्ता के साथ ही साबिर और गुड्डू मुस्लिम का लुकआउट नोटिस

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रही शाइस्ता परवीन समेत साबिर और गुड्डू मुस्लिम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। शाइस्ता पर 50 हजार जबकि साबिर और गुड्डू मुस्लिम पर 5-5 लाख का इनाम घोषित है। कमिश्नरेट पुलिस की रिपोर्ट पर इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब तीनों के देश छोडक़र जाने पर रोक लग गई है।

अतीक की पत्नी शाइस्ता उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार है। उस पर हत्याकांड की साजिश में शामिल होने का आरोप है। इसके अलावा गुड्डू मुस्लिम व साबिर हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटरों में शामिल हैं। पुलिस और एसटीएफ लगातार इनकी तलाश में जुटी है। गुड्डू मुस्लिम की तलाश में उड़ीसा, मप्र, मुंबई आदि राज्यों में दबिश दी जा चुकी है। जबकि साबिर व शाइस्ता की तलाश में पुलिस प्रयागराज समेत प्रदेश के कई जिलों की खाक छान चुकी है। इसके बावजूद अब तक इनका सुराग नहीं मिल सका है। गुड्डू व साबिर पर पांच-पांच लाख जबकि शाइस्ता पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है।



सूत्रों का कहना है कि इस बात की भी आशंका थी कि पुलिस से बचने के लिए तीनों देश छोडक़र बाहर जा सकते हैं। यही वजह है कि उनके खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कराया है। पुलिस की ओर से इस संबंध में रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। जिसके बाद यह कार्रवाई हुई है।

तीनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी होने की सूचना गृह मंत्रालय के माध्यम से सभी एयरपोर्ट, बंदरगाह व अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात अधिकारियों को भेज दी गई है। सूत्रों ने बताया कि लुकआउट नोटिस की वैधता एक साल तक है। यानी तीनों फरार आरोपियों के एक साल तक देश छोडक़र जाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। जरूरत पडऩे पर कमिश्नरेट पुलिस इस अवधि को बढ़वाने के लिए भी रिपोर्ट भेज सकती है।

लुकआउट नोटिस को लुकआउट सर्कुलर भी कहा जाता है। यह जिसके खिलाफ जारी होता है, उस व्यक्ति को देश छोडक़र जाने की इजाजत नहीं होती। यही वजह है कि एयरपोर्ट, बंदरगाहों व अन्य सीमाओं पर लगे आव्रजन अधिकारियों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में अगर वह व्यक्ति उपरोक्त स्थानों पर पहुंचता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाता है और फिर इसकी सूचना उस एजेंसी को दी जाती है जिसकी ओर से लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

लुकआउट नोटिस में फरार चल रहे तीनों आरोपियों शाइस्ता, गुड्डू मुस्लिम व साबिर की तस्वीर के साथ ही उनका नाम, पता व अन्य जानकारियां दी गई हैं। इनमें उमेश पाल हत्याकांड से जुड़ी उस एफआईआर का विवरण भी है, जिसमें तीनों 80 दिन से फरार चल रहे हैं। साथ ही पुलिस के उन अफसरों के पदनाम व मोबाइल नंबर हैं, जो इस मुकदमे से संबंधित हैं।